प्राथमिकता के आधार पर सड़कों का निर्माण

1200. **कुमारी सरोज खापर्डे**: क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने सड़क निर्माण को प्राथमिकता दी है और इसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में शामिल किया है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है;

(ग) इस संबंध में निर्धारित किए गये लक्ष्य और इसे पूरा किये जाने के संबंध में ब्यौरा क्या है; और

(घ) सड़कों के निर्माण का मानदंड क्या है?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर): (क) और (ख) भारत सरकार मुख्यतः राष्ट्रीय राजमार्गों के रूप में घोषित सड़कों के विकास के लिए जिम्मेदार है और राष्ट्रीय राजमार्गों को छोड़कर अन्य सड़कों के लिए अनिवार्यतः संबंधित राज्य सरकारें जिम्मेदार होती हैं। यद्यपि यह कोर सैक्टर के रूप में वर्गीकृत नहीं है फिर भी, राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास कार्य को, संसाधनों की उपलब्धता के अध्यधीन, उचित प्राथमिकता प्रदान की गई है। तदनुसार राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास के लिए आठवीं योजना में 2460.00 करोड़ रु० की राशि निर्धारित की गई है।

(ग) और (घ) विभिन्न योजनाओं का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क का विस्तार करने की बजाए मौजूदा राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास करके उन्हें यातायात योग्य स्थित में बनाए रखना है। राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क में विस्तार के लिए मानदण्ड इस प्रकार हैं:-

(I) देश में एक सिरे से दूसरे सिरे तक जाने वाली सड़कें।

(II) पड़ोसी देशों के साथ जोड़ने वाली सड़कें।

(III) राज्यों की राजधानियों को जोड़ने वाली सड़कें।

(IV) महापत्तनों तथा महत्वपूर्ण औद्योगिक अथवा पर्यटन केन्द्रों को जोड़ने वाली सड़कें।

(V) अति महत्वपूर्ण सामरिक आवश्यकताओं को पूरा करने वाली सड़कें।

(VI) पर्याप्त दूरी तक उच्च यातायात-सघनता वाली सड़कें और

(VII) ऐसी सड़कें जिनसे यात्रा-दूरी में काफी कमी हो तथा उसके फलस्वरूप पर्याप्त आर्थिक बचत हो सके।

Functioning of Delhi Transport Corporation

1201. SHRI SYED SIBTEY RAZI: Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether D.T.C. maintains any record of availability of its buses and also private buses under D.T.C. in Delhi before introduction of Red Line Service;

(b) if so, details thereof separately locality-wise including Green Line buses;

(c) what is the total number of buses under D.T.C. category-wise;

(d) what is the total number of Red Line Buses locality-wise as on 28-2-93;

(e) whether some more Red Line buses are to be added to the existing fleet of these buses by June, 1993;

(f) if so, the details thereof locality-wise and route-wise; and

(g) if not, reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (SHRI JAGDISH TYTLER): (a) Yes, Sir.

(b) The full details are available in the DTC Route Guide 1990 which is available to the public.

(c) At present, DTC has 3863 buses. The category-wise details are indicated below:-

Standard buses:	3833
Double decker:	21
MP Spl. Metador:	9

(d) As on 28.2.93, the total number of Red Line Buses is 2103. No locality-wise list is maintained.

(e) to (g) Draw of lots was held for issuing 3000 Stage Carriage Permits under the Red Line Scheme. Permits have been granted to 2103 buses. The balance permits would be granted as soon as the buses are made available by the successful applicants who have been issued letter of intends. No locality-wise list is maintained by the Transport Department, Delhi.